**जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद महराजगंज की ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्वीकृति हेतु 20.10.2021 को जिलाधिकारी महराजगंज/अध्यक्ष DWSM की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त**

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महराजगंज ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मेंo जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई द्वारा प्रस्तुत 105 नग डी0पी0आर के तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृत हेतु अनुमोदन का प्रस्तावः–**

जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के निर्माण एवं संचालन/अनुरक्षण (10 वर्ष) हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र संख्या–2134/W–22/NIT/2020–21 दिनांक 13.01.2021 के माध्यम से **मेंo जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई** को 446 राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा पत्रांक 245/कार्य–114/29 दिनांक 27.03.2021 के माध्यम से 249 राजस्व ग्रामों तथा पत्रांक 278/कार्य–114/42 दिनांक 08.04.2021 द्वारा के माध्यम से 197 राजस्व ग्रामों अर्थात कुल 446 राजस्व ग्रामों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अनुमोदित कराये गये 7 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 390/कार्य–114/60 दिनांक 05.06.2021 एवं 83 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 643/कार्य–161/63 दिनांक 13.08.2021 द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये गये है।

पुनः **मेंo जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई** द्वारा 105 नग डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें 105 ग्राम पंचायतों के 123 राजस्व ग्रामों की कुल 399 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुए कुल 52838 घरो को FHTC प्रदान किया जाना है।

**निर्णयः–** अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, महराजगंज द्वारा 105 ग्राम पंचायतों के 123 राजस्व ग्रामों की कुल 399 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु प्रस्तुत किये गये 105 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से करने हेतु अनुमोदन पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
महराजगंज

जिला विकास अधिकारी
महराजगंज

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महराजगंज

जिला कृषि अधिकारी
महराजगंज

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी
महराजगंज

अधिशासी अभियन्ता (सिचाई)
महराजगंज

अधिशासी अभियन्ता
भूगर्भ जल विभाग
गोरखपुर

मुख्य चिकित्साधिकारी
महराजगंज

वरिष्ठ कोषाधिकारी
महराजगंज

परियोजना निदेशक
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण
महराजगंज

प्रभागीय वनाधिकारी
महराजगंज

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष DWSM
महराजगंज

जिलाधिकारी/अध्यक्ष DWSM
महराजगंज



Scanned with OKEN Scanner